# परिषद ठियोग, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/2013 से 03/2015

## भाग—एक

### 1. (क) प्रारम्भिक

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगरपालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्याः1—376/81—फिन (एल0ए0) खण्ड—iv, दिनांक 16—10—2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश को सौपें जाने के दृष्टिगत नगर परिषद, ठियोग, जिला शिमला के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य किया गया।

वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न प्रधान व कार्यकारी अधिकारी आहरण एवं संवितरण अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे।

प्रधानः—

| क0सं0 | प्रधान का नाम | तैनाती की अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री हेम राज वर्मा | 01—04—2013 से 31—03—2015 |

कार्यकारी अधिकारी

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राकेश कुमार | नायब तहसीलदार | 01—04—13 से 07—03—14 |
| 2. | श्री जे0आर0 भारद्वाज | तहसीलदार | 17—04—14 से 05—12—14 |
| 3. | श्रीमति कंचन वाला | कार्यकारी अधिकारी | 06—12—14 से 31—03—15 |

**(ख)** नगर परिषद ठियोग, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश के लेखों अवधि 01—04—2013 से 31—03—2015 तक के अंकेक्षण में पाई गई अनियमितताओं का संक्षिप्त सारः—

| क0सं0 | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा सं0 | राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | दिनांक 31.3.2015 तक प्रतिभूति की शेष राशि को नगर परिषद निधि/ लेखों में न दर्शाना | 6 | 23.24 |
| 2. | दिनांक 31—3—2015 तक अनुदान राशि व्यय हेतु शेष | 7 | 121.91 |
| 3. | डी0ए0वी0 स्कूल के पास कार पार्किंग व सामुदायिक हाल के निर्माण कार्य पर निषफल व्यय | 8 | 39.48 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | 4th State Finance Commission के अनुदान की राशि का पैन्शन एवं ग्रेच्यूटी फण्ड के लिए अनिमित स्थानान्त्रण करना | 9 | 5.50 |
| 5. | पर्यटन विभाग से प्राप्त अनुदान से अनियमित व्यय | 10 | 13.58 |
| 6. | स्थापना पर अनियमित व्यय | 11 | 13.90 |
| 7. | दिनांक 31–03–15 तक गृह कर की वसूली शेष | 12 | 83.74 |
| 8. | राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार गृह कर की दरों में वृद्धि न करने के कारण परिषद को वित्तीय वर्ष 2013–14 प 2014–15 के दोरान वित्तीय हानि | 13 | 6.71 |
| 9. | दिनांक 31–3–15 तक दुकानदारों से किराये राशि की वसूली शेष | 15 | 28.68 |
| 10. | व्यवसायिक परिसर नजदीक बस स्टैंड की दुकानों की लीज राशि की वसूली न करना | 16 | 10.53 |
| 11. | नगर परिषद द्वारा (Compound Fees) की राशि की वसूली न करना | 17 | 0.73 |
| 12. | पट्टे पर दी भूमि की पट्टा राशि की वसूली न करना | 18 | 0.41 |
| 13. | मोबाइल कम्पनियों से टावरों की नवीनीकरण शुल्क की राशि की वसूली न करना | 19 | 0.23 |
| 14. | सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना निर्माण कार्यों में अतिरिक्त मदों का निष्पादन करवाने के कारण राशि का अनियमित भुगतान | 21 | 0.94 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **"परिशिष्ट–अ"** पर दर्शाई गई है। यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। जो अत्यन्त चिन्ताजनक है। अतः नगर परिषद इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्यवाही सुनिश्चित करें व अनुपालना से यथा समय इस विभाग को अवगत करें, ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

## भाग–दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः–

नगर परिषद ठियोग, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश के लेखाओं अवधि 4/2013 से 03/2015 तक का लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण श्री अनिल कुमार, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 16–04–15 से दिनांक 22–7–2015 तक किया गया। आय व व्यय की विस्तृत जांच के लिए क्रमशः माह 3/14, 3/15 व 12/13, 11/14 के लेखाओं का चयन किया गया। जिसके परिणामों को अनुवर्ती पैरों में समाविष्ट किया गया है।

वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण नगर परिषद के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं के आधार पर किया गया है। संस्था द्वारा दी गई गलत सूचनाओं अथवा सूचना उपलब्ध न करवाने के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3. अंकेक्षण शुल्कः–

नगर परिषद ठियोग के लेखाओं अवधि 4/2013 से 3/2015 तक के अंकेक्षण करने का शुल्क ₹42,000/– बनता है। जिसका विस्तृत विवरण सलग्न **"परिशिष्ट–ख"** में दिया गया है। कार्यकारी अधिकारी को अंकेक्षण अधियाचना सं0–15 दिनांक 22–07–15 द्वारा इस राशि को सरकारी कोष में जमा करवाने हेतु निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–9 को शिमला में देय रेखांकित बैंक ड्राफ्ट द्वारा भेजने का अनुरोध किया गया।

## 4. वित्तिय स्थितिः–

अंकेक्षणाधीन अवधि की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से था। प्रस्तुत वित्तीय स्थिति नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई सूचना व रोकड़वही में दर्शाए गए आंकड़ों पर आधारित हैः–

| वर्ष | आय का स्त्रोत | आरम्भिक शेष | आय | कुल आय | व्यय | अन्त शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 | अपने स्त्रोत से | 8764937.52 | 6177608 | 14942545.52 | 6884485.47 | 8058060.05 |
| | अनुदान से | 4522036.78 | 7304760 | 11826796.78 | 5945479 | 5881317.78 |
| | **कुल आय** | **13296974** | **13482368** | **2676934.30** | **12829964** | **139393377.83** |
| 2014–15 | अपने स्त्रोत से | 8058060.05 | 7572826 | 15930886.05 | 14059508.62 | 1871377.43 |
| | अनुदान से | 5881317.78 | 17907636 | 23788953.78 | 1159508 | 12191047.78 |
| | **कुल आय** | **1,39,39,377.83** | **25780462** | **39719839** | **25657414** | **14062425.21** |

**4.1. दिनांक 31.3.2015 को विभिन्न बैंकों में जमा राशियों का विवरण निम्न प्रकार से था।**

| **निधि का नाम** | **बैंक का नाम एवं खाता संख्या** | **31.3.2015 को बैंक में जमा राशि जमा का ब्यौरा** |
|---|---|---|
| एम0सी0 फण्ड | एस0वी0आई0 (112867217263) | 371130–50 |
| आई0डी0एस0एम0टी | एस0बी0आई0 (11286721627) | 208006–91 |
| सरकारी अनुदान | एस0बी0आई0 (11286721990) | 11667677–89 |
| (एम0पी0 / एम0एल0ऐ **Misce** अनुदान) | स्टैट को–ओपरेटिव बैंक(6246) | 3460–00 |
| डिपोजिट एक्स्ट्रा | स्टैट को–ओपरेटिव बैंक (7472) | 38662–00 |
| Duties etc i.e Ligure etc.एम0आई0एस0सी / एस0डब्ल्यू0....... | एच0डी0एस0सी | 706113–91 |
| | सावधि योजना में राशियां | 10,70,000.00 |
| | **कुल जोड़** | **₹1,40,65,051–21** |

**4.2. बैंक समाधान विवराणिका**

रोकड़वही के अनुसार 31.3.2015 को अन्त शेष — 14062425–21

**जमाः–**

निम्नलिखित चैक बैंक भुगतान के लिए जारी किए परन्तु बैंक में भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं हुये।

| **बैंक का नाम** | **बैंक सं0** | **दिनांक** | **राशि रूपये में** | |
|---|---|---|---|---|
| एस0बी0आई | 422084 | 23.3.2015 | **8231–00** | |
| एस0बी0आई | 422087 | 23.3.2015 | **5200–00** | |
| एस0बी0आई | 422085 | 26.2.2015 | **945–00** | |
| चैक सं0 422089 दिनांक 31.3.2015 राशि ₹54099 के विरूद्ध बैंक द्वारा राशि ₹45099 का भुगतान करने के कारण कम भुगतान की गई राशि | | | **₹9000–00** | |
| | | **कुल जोड़** | **₹23376–00** | **₹23376–00** |
| | | | | **₹1,40,85,801–21** |

**घटावः–** प्राप्त राशियां जो 31.3.2015 तक बैंक में जमा नहीं करवाई गई

| **मद** | **रसीद स0** | **राशि** | |
|---|---|---|---|
| सेवा कर | 1 / 58 / 30.03.15 | 667.00 | **(–) ₹20750–00** |
| किराया | 50 / 51 / 30.03.15 | 17800.00 | |
| सेवा कर | 43 / 54 / 30.03.15 | 2200.00 | |

| | | |
|---|---|---|
| सेवा कर | 44 / 54 / 30.03.15 | 83.00 |
| | **कुल जोड** | **₹20750.00** |

**अन्तशेष ₹1,40,65,051.21**

## 5. सावधि योजनाः–

अवधि– 31.03.2015 तक सावधि योजना के अन्तर्गत निवेशित राशियों का ब्यौरा निम्नलिखित था।

| क0 स0 | एफ0डी0आर0 सं0 | राशि (₹) में | अवधि | ब्याज प्रतिशत | परिपक्व राशि ₹ में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TDA-CIF- 81045330967<br>Act no. 33354873886 | 10,00,000 | 11.4.2014 से<br>11.4.2015 | 9% | 1093083.00 |
| 2. | TDA-8104633034-1<br>CIF No. A/c no 3037130827 | 70,000.00 | 31.10.2014 से<br>31.10.2017 | 8.75% | 90755.00 |

इन राशियों पर अर्जित ब्याज को परिपक्व तिथि को रोकड़ वही में लेखांकित करना सुनिश्चित किया जाए और आगामी अंकेक्षण के समय परिपक्व राशि का सत्यापन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 6. दिनांक 31.03.2015 को प्रतिभूति की शेष राशि 23.24 लाख को परिषद लेखा में न दर्शानाः–

प्रतिभूति राशि का लेखा पृथक रोवड़ वही तैयार करके अलग से रखा गया था। उक्त लेखा की जांच करने पर पाया गया कि दिनांक 31.03.2015 को इस खाते में ₹ 23,240,72–74 शेष थे जिसका वर्ष वार विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | प्राप्तियां | कुल | व्यय | अन्त शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 | 1069646.74 | 685259.00 | 17,54,905.74 | 435344.00 | 1319561.74 |
| 2014–15 | 1319561.74 | 1748658.00 | 30,68,246.74 | 744174.00 | 23,24072.74 |

**बैंकों में अन्तशेष का विवरणः–**

| खाता सं0 | बैंक का नाम | दिनांक | अन्तशेष |
|---|---|---|---|
| 44410104496 | हि0प्र0 स्टैट को–ओपरेटिव बैंक, ठियोग | 31–3–2015 | 13,24,072.74 |
| | सावधि योजना में बकाया राशियों का ब्यौरा–31–3–2015 तक | | |
| 1049338 | हि0प्र0 स्टैट को–ओपरेटिव बैंक, ठियोग | 28–5–2016 | 2,70,000.00 |
| 10 | हि0प्र0 स्टैट को–ओपरेटिव बैंक, ठियोग | 17–06–2017 | 2,30,00.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1806294 | हि0प्र0 स्टैट को–ओपरेटिव बैंक, ठियोग | 11–04–2018 | 2,00,000.00 |
| 1289668 | हि0प्र0 स्टैट को–ओपरेटिव बैंक, ठियोग | 11–06–2016 | 3,00,000.00 |

**31–3–2015 तक अन्त शेष : ₹23,24,072.00**

इसके अतिरिक्त जांच करने पर पाया गया कि परिषद द्वारा प्रतिभूति लेखा रजिस्टर (फार्म जी–25) तैयार नहीं किया गया था। इस विषय में गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के पैरों में बार–बार आपत्ति उठाई गई थी। यह मामला परिषद के उच्च अधिकारी के विशेष ध्यान में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु लाया जाता है।

## 7. अनुदानः–

**दिनांक 31–03–2015 तक अनुदान की राशि 121.91 लाख व्यय हेतु शेष :–**

नगर परिषद ठियोग द्वारा अंकेक्षण अवधि 1–04–2013 से 31–03–2015 के दौरान प्राप्त/व्यय तथा 31–03–2015 तक शेष अनुदानों का शीर्षवार विवरण **"परिशिष्ट–ग–एक से ग–तीन"** पर दर्शाया गया है। 31–03–2015 तक विभिन्न शीर्षों के अर्न्तगत व्यय हेतु शेष बचे अनुदानों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| क0सं0 | अनुदान का नाम | 31–03–2015 तक बकाया राशि का रूपये में ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1. | 3rd\4th SFC. | 59777.00 |
| 2. | 13th Finace Commission | 1344055.00 |
| 3. | Grant under SJSRY | 3000.00 |
| 4. | Grant under Tourisum | 241838.00 |
| 5. | M.P LAD fund | 179823.00 |
| 6. | Misc grant/M/OULB road | 1617.31 |
| 7. | Grant/Amt received on A/C of compensation form the I.P.H. Deptt. | 333937.00 |
| 8. | Severage Scheeme | 1,00,00,000.00 |
| | **कुल बकाया :** | **₹1,21,91,047–31** |

वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 की अनुदान विवरणिका के अवलोकन करने पर पाया गया कि वर्ष 2013–14 में नगर परिषद को राशि ₹73.05 लाख तथा वर्ष 2014–15 में राशि ₹179.08 लाख अनुदान के रूप में प्राप्त हुये, जिसमें से नगर परिषद ने वर्ष 2013–14 में केवल 59.45 लाख तथा वर्ष 2014–15 में 115.98 लाख विभिन्न प्रयोजनाओं पर खर्च किये। जिसके फलस्वरूप दिनांक 31–03–2015 तक अनुदान राशि 121.91 लाख व्यय हेतु शेष थी।

अतः अनुदान की शेष राशि को सक्षम अधिकारी को स्वीकृति से विशेष उदेश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा शेष राशि का प्रत्यार्पण सम्बन्धित विभाग को किया जाए।

## 8. डी0ए0वी0 स्कूल के पास कार पार्किंग व सामुदायिक हाल के निर्माण कार्य पर राशि ₹39.48 लाख का निषफल व्ययः–

नगर परिषद ठियोग द्वारा डी0ए0वी स्कूल के पास कार पार्किंग, कारपेटिंग तथा कम्यूनिटी हॉल के निर्माण को प्रस्ताव संख्या 28/2012 दिनांक 20–05–2012 को स्वीकृत किया गया। उक्त प्रस्ताव के अर्न्तगत इस कार्य के अनुमान राशि ₹4951707 की तकनीकी स्वीकृति अधिशाषी अभियन्ता एच0पी0एस0आई0डी0सी Ltd शिमला द्वारा प्राप्त की गई। तदोपरान्त सारी औपचारिकताएं पूर्ण करके उक्त निर्माण कार्य श्री रमेश हेटा संविदाकार को पत्र संख्या MCT/works/2013/17 दिनांक 05–04–2013 द्वारा राशि ₹4171187.00 के लिए आवंटित कर दिया। आवंटन पत्र के अनुसार यह कार्य छह महिनों में पूरा किया जाना था।

अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि निर्माण कार्य अभी तक भी पूर्ण नहीं किया गया था, जबकि कार्य आवंटित किए हुए लगभग 27 महीने का समय बीत चुका है। सविदाकार को M.B संख्या 66 Page 09 के अनुसार द्वितीय चलत बिल की राशि ₹39,47,985 का भुगतान किया जा चुका था। परिषद द्वारा सविदाकार के पक्ष में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित अवधि में न तो बढ़ोतरी स्वीकृत की गई थी और न ही अनुबन्ध की धारा दो के अनुसार सविदाकार के विरुद्ध उचित कार्रवाई अमल में लाई गई थी। अतः कार्य निधारित समय में पूर्ण न करवाने के फलस्वरूप निर्माण कार्य पर किया गया व्यय पूर्णतय निषफल था। अतः निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण न होने के कारणों से अवगत करवाते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिश्चित किया जाए।

## 9. 4th State Finance commission के अनुदान राशि से ₹5.50 लाख का पैंशन एवं ग्रैच्यूटी फण्ड के लिए अनियमित स्थानान्तरित करनाः–

4th State Finance commission की शर्तों के अनुसार स्वीकृत अनुदान राशि को शहर की सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, प्रधान, उपप्रधान तथा सदस्यों के मानदेय भुगतान, कर्मचारियों के कुल प्रतिशतता के वेतन का भुगतान तथा Assests Creation आदि पर व्यय किया जा सकता था।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2014–15 में 4th State Finance commission से प्राप्त अनुदान से राशि ₹5,50,000 का भुगतान पैंशन एवं ग्रैच्यूटी फण्ड में किया जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| वाऊचर सं0 | दिनांक | राशि रूपये में |
|---|---|---|
| 95 | 2—5—14 | 2,00,000.00 |
| 411 | 27—9—14 | 2,00,000.00 |
| 834 | 7—3—15 | 1,50,000.00 |
| | | **₹5,50,000.00** |

अतः 4th SFC के अनुदान से राशि ₹ 5.50 लाख का स्थानान्तरण Pension & Graduity Fund में करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा अनियमित भुगतान की भरपाई नगर परिषद उचित स्त्रोत से करके 4th SFC अनुदान में जमा करें और अनुदान को उसी उदेश्य के लिए खर्च करें, जिस उदेश्य हेतु प्राप्त हुआ है। अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**10. पर्यटन विभाग से प्राप्त अनुदान राशि से ₹13.58 लाख का अनियमित व्ययः—**

पर्यटन मन्त्रालय, भारत सरकार से नगर परिषद ठियोग को Development of solid waste management के लिए राशि 20 लाख स्वीकृत की गई। इस स्वीकृति के अर्न्तगत नगर परिषद को पत्र संख्या 6—5/2009—050—SML-1813 दिनांक 10—2—11 द्वारा राशि 6 लाख तथा पत्र संख्या 6—36/2012—050— SML-2007 दिनांक 21—2—13 द्वारा 10 लाख कुल राशि ₹16.00 लाख प्राप्त हुए। अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि नगर परिषद ठियोग द्वारा प्राप्त अनुदान को अन्य उदेश्यों पर निम्न प्रकार खर्च किया गया।

| वाऊचर सं0 सं0/दिनांक | जिस पर अनुदान खर्च किया गया ब्यौरा | राशि रूपये में |
|---|---|---|
| 286 से 288 दिनांक 6.9.2013 | 6 नं0 कूडादान की खरीद | 1,50,128 |
| 336 से 338 दिनांक 14.10.2013 | 4 नं0 कूडादान की खरीद | 1,00,085 |
| 568 दिनांक 13.11.2014 | एक डम्पर पलेस्र Eicher | 10,85,000 |
| 654 दिनांक 5.12.2014 | वाहन की इनशोरेन्स | 22,949 |
| | **कुल व्यय :** | **₹13,58,162** |

अतः पर्यटन विभाग से प्राप्त अनुदान को विहीत उदेश्य पर व्यय न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जायें तथा अनुदान से किये खर्च 13,58,162 की स्वीकृति पर्यटन विभाग से प्राप्त कर इस अनियमित खर्च को नियमित करवाया जाये अन्यथा अनुदान से किए व्यय की प्रतिपूर्ति उचित माध्यम से करके अनुदान में जमा की जाये तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जायें। अनुदान से खरीद की गई सामग्री की प्रविष्टी पूर्ण ब्यौरा सहित संपत्ति रजिस्टर में की जानी अनिवार्य थी। जबकि नगर परिषद ठियोग द्वारा इस सामग्री की खरीद की प्रविष्टि

सम्पति रजिस्टर में दर्ज नहीं की गई। अतः इस सामग्री की प्रविष्टी पूर्ण विवरण सहित सम्पति रजिस्टर में दर्ज करके आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये।

## 11. स्थापना पर राशि ₹13.90 अनियमित व्ययः–

हिमाचल प्रदेश मियुन्सिपल एक्ट 1994 के नियम 53(1)(c) में दिए प्रावधान के अनुसार व निदेशक, हिमाचल प्रदेश शहरी विकास विभाग के पत्र संख्या–ULB-H(A)1/87-9237-84 दिनांक 20–6–2001 द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक स्थानीय निकाए वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए कुल व्यय का एक तिहाई भाग ही संस्थापना पर खर्च कर सकती है।

नगर परिषद के अभिलेखों के टैस्ट चैक व उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार वर्ष 2013–14 में कुल व्यय राशि ₹ 1,28,29,964 था और इस व्यय में स्थापना पर राशि ₹56,66,817 का व्यय किया, जबकि उपरोक्त नियम व निर्देशों के अनुसार संस्थापना पर राशि ₹42,76,655 का व्यय किया जाना था। इस प्रकार नगर परिषद द्वारा संस्थापना पर राशि ₹13,90,192 का अनियमित व्यय किया गया, जिसकी स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त करके आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये।

## 12. दिनांक 31–03–15 तक गृह कर की राशि ₹83.74 लाख वसूली हेतु शेषः–

नगर परिषद में गृहकर रजिस्टर में की गई प्रविष्टियों व अंकेक्षण को दी गई सूचना के अनुसार दिनांक 31–3–15 तक गृह कर की राशि ₹83,74,068 वसूली हेतु शेष थी। जिसका वर्षवार ब्यौरा निम्न प्रकार से था।

| वर्ष | पिछली बकाया राशि (₹ में) | वर्ष में मांग (₹ में) | कुल मांग (₹ में) | वसूली / प्राप्ति (₹ में) | शेष / बकाया (₹ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 | 8335568 | 1309542 | 9645150 | 1315943 | 8329207 |
| 2014–15 | 8329207 | 1376110 | 9705317 | 1331249 | 8374068 |

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट पता चलता है कि नगर परिषद द्वारा गृह कर की वसूली हेतु कोई ठोस प्रयास नहीं किये गये थे। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 3 दिनांक 8.6.2015 द्वारा गृहकर की वसूली न करने बारे स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था परन्तु अंकेक्षण पूर्ण होने तक इस सम्बन्ध में अंकेक्षण को अवगत नहीं करवाया गया। अतः नगर परिषद गृह कर की वसूली हेतु शीघ्र उचित कार्रवाई करे तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 13. राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार गृहकर की दरों में वृद्धि न करने के कारण परिषद को वित्तीय वर्ष 2013–14 व 2014–15 के दौरान राशि ₹6.71 लाख की वित्तीय हानिः–

राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों व निदेशक शहरी विकास हिमाचल प्रदेश शिमला के पत्र संख्या यू0डी0–h (सी)/10(107)/98–11 दिनांक 17–11–2003 के अनुसार वर्ष 2002–03 से 7.5 प्रतिशत से गृहकर अधोरोपित करने व प्रति वर्ष गृहकर में एक प्रतिशत बढ़ौतरी करके वर्ष 2007–08 तक 12.5 प्रतिशत की दर से गृह कर वसूलना अपेक्षित था। उक्त पत्रानुसार वर्ष 2002–03 से वर्ष 2007–08 तक गृहकर की दर निम्न प्रकार अधिरोपित की जानी थी।

| वर्ष | गृहकर की दर |
|---|---|
| 2002–03 | 7.5% |
| 2003–04 | 8.50% |
| 2004–05 | 9.50% |
| 2005–06 | 10.50% |
| 2006–07 | 11.50% |
| 2007–08 से 2014–15 तक | 12.50% |

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद ठियोग द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान 10 प्रतिशत की दर से गृहकर की वसूली की गई थी। जबकि निदेशक शहरी विकास के पत्र के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान 12.50 प्रतिशत के दर से गृहकर की वसूली की जानी थीं इस प्रकार परिषद को निम्न विवरणानुसार राशि ₹ 6,71,412 की वित्तीय हानि हुई। जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| वर्ष | गृहकर की 10% की दर से मांग | गृहकर की 12.50% की दर से मांग | जितना गृहकर में कम निर्धारण किया गया |
|---|---|---|---|
| 2013–14 | 1309542 | 1636926 | 327384 |
| 2014–15 | 1376110 | 1720138 | 344028 |
| | 2685652 | 3357064 | 671412 |

अतः परिषद गृहकर का निर्धारण राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों व निदेशक शहरी विकास विभाग के उक्त पत्रानुसार न करने कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त निर्देशों का अनुपालना करना सुनिश्चित करें।

## 14. नगर परिषद द्वारा वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 नये भवनों के गृहकर का निर्धारण सरकार द्वारा निर्धारित दरों की अपेक्षा कम दर पर करने पर वित्तीय हानिः–

नगर परिषद के गृहकर निर्धारण से सम्बन्धित अभिलेखों के टैस्ट चैक के दौरान पाया गया कि वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में नगर परिषद ठियोग ने जिन भवनों के गृहकर का निर्धारण 5% की दर से Self ocupred तथा 10% की दर से किराये पर दिये भवनों पर किया। जबकि निदेशक, शहरी विकास हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार वर्ष 2007–08 से भवनों के गृहकर का निर्धारण 12.50% के आधार पर अधोरोपित किया जना था। अतः गृहकर को सरकार के निर्देशानुसार अधोरोपित न कर कम दरों पर अधोरापित करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये।

उक्त के अतिरिक्त गृहकर निर्धारण सम्बन्धित नस्ति के अभिलेखों में भवनों पर गृहकर अधोरोपित करने से पूर्व भवनों को जुर्माना फीस (Compound fees) लगाकर उसके पश्चात भवनों पर गृहकर अधोरोपित किया। परन्तु नस्ति में कोई भी ऐसे अभिलेख नहीं थे, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकता कि भवनों को किस वर्ष की दरों के आधार पर Compound fees जिससे Self occupied में किन वर्षों की दरों को लगाकर भवनों की Tax assesment निर्धारित की और उस पर 5% तथा 10% की दर से गृहकर अधोरोपित किया। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण के दौरान अधियाचना संख्या 5 दिनांक 15.7.2015 द्वारा वस्तुस्थिति तथा सम्बन्धित अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत करने को कहा गया था परन्तु अंकेक्षण पूर्ण (Complete) होने तक इस बारे नगर परिषद द्वारा कोई भी स्थिति स्पष्ट नहीं की और न ही इस सम्बन्ध में अभिलेख प्रस्तुत किये। अतः पूर्ण अभिलेखों को लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाये और वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में जिन भवनों का गृहकर सरकार द्वारा निर्धारित दरों से कम दर पर किया उन भवनों के गृहकर का निर्धारण संशोधित कर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर करें और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जायें। जिन भवनों के गृहकर ...... का निर्धारण वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में कम किया गया है का विवरण निम्न प्रकार से है।

| क0 सं0 | भवन मालिक का नाम | Assesement Value | गृहकर दर % के आधार पर | गृहकर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति Anita kh 46/2, near D.A.V School, ward no-7 Theog Distt Shimla. | 76140/- | 5% | 3,807 |
| 2. | Shri Prem singh, ward no-4 kh no-605/. | 70994/- | 5% | 3,550/- |
| 3. | Smt Sardha w/o late sh. P.S Kachi, ward no-4, kh no-26/3 Theog. | 20,000/- | 5% | 1,000/- |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | Sh. Dharam paul ward no-7 (Rohighat) theog | 28,000/- | 5% | 1,400/- |
| 5. | Sh. Dharam paul ward no-7 (Rahighat) Theog | 24,500/- | 5% | 1,225/- |
| 6. | Shri Surinder kumar S/o Sh. Balak Ram ward no-7 Rahighat Theog | 87,500/- | 5% | 4,375/- |
| 7. | Dr. Pawan kumar. Smt Nirmla Devi, ward no-7 Rahighat Theog | 80,440/- | 5% | 4,028/- |
| 8. | Smt Sarla D/o Sh. Keshav Ram, ward no-7 Theog | 43,200/- Rent<br>18,100/- Self | 10% | 4,320/-<br>905/- |
| | | 61,300 | | 5,225/- |
| 9. | Smt Neetu Negi w/o Sh. Tanzin Dorjee, ward no-4 Theog | 47,800/- | 5% | 2,390/- |
| 10. | Sh. Suresh Kumar Sood, Sh. Yoginder lal Sood, ward no-6, kh. no-145 Theog Shimla. | 68,630/-<br>27,000/- | 5% | 3,432/-<br>2,700/-<br>6,132/- |
| 11. | Sh. Madan Singh Verma, ward no-2, kh. no-1090-91 Theog Shimla. | 57,050/- | 5% | 2,855/- |
| 12. | Sh. Raju Tomer S/o Sh. Parshad kh. no. 95300. ward no-7, kh. no-145 Theog Shimla. | 21,600/- | 10% | 2,160/- |
| 13. | Sh. Durga Singh, ward no-7, kh. no-70/20 Rahighat Theog Shimla. | 27,500/- | 5% | 1,375/- |
| 14. | Sh. Man Mohan Singh, S/o late Sh. Ganga Ram, ward no-1, kh. no-255 Theog. | 10,800/- | 10% | 1,080/- |
| 15. | Sh. Shashi Bala, W/o Sh. Raj Kumar ward no-7, kh. no-102/8015 Theog. | 56,220/- | 5% | 2,811/- |
| 16. | Sh. Anant Ram Verma, ward no-1, kh. no-499/34/2 Janadghat, Theog. | 21,600/- | 10% | 2,160/- |
| 17. | Sh. Hira Singh Kashyap, ward no-7, kh. no-233/2/1 Chaidhala, Theog. | 16,600/- | 5% | 830/- |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18. | Sh. Vijay Thakur, ward no-7, kh. no-48/26 Rahighat, Theog. | 35,930/-<br>21,600/- | 5% | 1,800/-<br>2,160/- |
| | | | | 3,960/- |
| 19. | Sh. Ramesh Verma, ward no-4, Shalli Bazar, Theog. | 49,150/- | 10% | 2,458/- |
| 20. | Sh. Dulla Ram S/o Sh. Mansa Ram, ward no-7, kh. no-899/2 Rahighat, Theog. | 44,500/- | 5% | 2,225/- |
| 21. | Sh. Vinod Kumar S/o Sh. Kishori lal Sood, kh. no-257/14/5, 257/14/1/3 & 257/14/2/1, Shalli Bazar, Theog. | 59,948/-<br>27,000/- | 10% | 2,997/-<br>2,700/- |
| | | | | 5,697/- |
| 22. | Sh. Tulshi Ram Bhardwaj ward no-4 Theog. | 31,5900/- | 10% | 31,590/- |
| 23. | Sh. Ashish Soni, kh. no-116&117, Mauja Chaidhala, Theog. | 38,000/- | 5% | 1,900/- |
| 24. | Sh. Surinder Kumar, kh. no-56,49/4,55/2&57/1, Shalli, Theog . | 52,875/- | 5% | 2,644/- |
| 25. | Sh. Durga Nand S/o late Sh. Dharam Dass kh. no-81/63, Theog . | 46,455/- | 5% | 2,323/- |
| 26. | Sh. Jagdish Rajta & Smt Smita Rajta, kh. no-425/1/4/1, ward no-1, Theog . | 27,040/- | 5% | 1,352/- |
| 27. | Sh. D.S Khachi & Sh. Amar Singh, Kh. no-51/2/3/1 and 51/2/1, Theog . | 65,622/- | 5% | 3,281/- |
| 28. | Sh. Dinesh Sharma Kh. no-989/899/1, Rahighat, Teh Theog . | 59,856/- | 5% | 2,993/- |
| 29. | Smt. Nirmla Sharma, Shalli Bazar, Theog Kh. no. 90/56 | 93,476/- | 5% | 4,674/- |
| 30. | Sh. Jeet Ram Kachi, kh. no-126/1 and 124/1, ward no-2, Theog . | 50,987/- | 5% | 2,549/- |
| 31. | Sh. Deep Ram Sharma, Naya Bazar, Theog . | 3,78,000/- | 5% | 18,900/- |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32. | Sh. Prem Singh, ward no -4, kh. no-605/-, Theog . | 64,187/- | 5% | 3,209/- |
| 33. | Sh. Amit Verma & other ward no-7, Raighat, Theog . | 1,52,000/- | 5% | 7,600/- |
| 34. | Sh. Ajit Singh, kh. no-501/81/2/1 Premghat, Theog . | 37,674/- | 5% | 1,884/- |
| 35. | Sh. Jog Raj Verma, ward no-7, Chaidhala, kh. no-233/2/1 & 213/ | 40,880/- | 5% | 2,044/- |
| 36. | Sh. Satish Kumar, Theog . | 33,215/- | 5% | 1,661/- |
| 37 | श्री0 अमर सिंह सुपुत्र श्री नरायण सिंह, ward no-2, प्रेमघाट ठियोग जिला शिमला | 44624/- | 5% | 2,213/- |
| 38 | Smt. Sunita Verma, Naya Bazar, Theog . | 2531/- | 5% | 127/- |
| 39 | Smt. Geet Chandel w/o Sh. Mohinder Chandel, kh. no- 244, ward no-7, Theog | 26,853/- | 5% | 1,343/- |
| 40. | Sh. Prem Singh Chandel, ward no-4, Shariyana Road, Theog . | 21622/- | 5% | 1,081/- |
| 41. | Smt. Surekha, kh. no-1256, ward no-9 Shalli, Theog . | 24861/- | 5% | 1,243/- |
| 42. | Sh.Laiq Ram S/o Sh. Chet Ram, kh. no-452/81/3/2 Premghat, Theog . | 91776/- | 5% | 4,589/- |
| 43. | Sh. Joginder Singh S/o late sh. Narain Singh, vill Senj. P.O Mohag, Theog . | 87339/- | 5% | 4,367/- |

## 15. दिनांक 31—03—2015 तक दुकानों के किराय राशि ₹28.68 लाख वसूली हेतु शेषः—

अवधि 4/13 से 3/15 तक के किराये से सम्बन्धित मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर की जांच करने पर पाया गया कि दिनांक 31—03—2015 तक निम्न विवरणानुसार दुकानों के किराया राशि ₹ 28,67,803 वसूली हेतु शेष थी

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | वर्ष के दौरान किराये की मांग | कुल ₹ में | प्राप्ति | अग्रिम प्राप्ति | वर्ष के अन्त में बकाया किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013—14 | 2537530 | 1069602 | 3607132 | 991953 | 0 | 2615169 |
| 2014—15 | 2615169 | 1202749 | 3817948 | 950115 | 435600 | 2867803 |

लेखा परीक्षा अधियाचना संख्या 2 दिनांक 3.6.15 द्वारा कार्यकारी अधिकारी को किराए की शत–प्रतिशत वसूली न करने के बारे वस्तु स्थिति से लेखा परीक्षा को अवगत करवाने को कहा गया था, परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक परिषद से कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा किराये की वसूली हेतु कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई थी। जिसके फलस्वरूप किराये की बकाया राशि में प्रतिवर्ष बढ़ौतरी हो रही है। अतः नगर परिषद प्रशासन को परामर्श दिया जाता है कि किराये की बकाया वसूली हेतु H.P Municipal Act, 1994 में दिये प्रावधानों के अन्तर्गत ठोस कार्यवाही अमल में लाये, ताकि बकाया किराये की वसूली शीघ्र हो सके तथा की गई कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

## 16. व्यवसायिक परिसर नजदीक बस स्टैंड की दुकानों की लीज राशि ₹10.53ः लाख की वसूली न करनाः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड ठियोग के व्यवसायिक परिसर में निर्मित दुकानों को लीज अनुबन्ध के अन्तर्गत वार्षिक किराये पर किराएदारों को आंबटित किया गया है। वर्ष 12/2014 तक इन दुकानदारों से निम्न विवरणानुसार ₹10.53 लाख वसूली हेतु शेष थे। जिसका विवरण निम्न प्रकार से था।

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | मांग | कुल | वसूली | अन्त शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2013 | 1162738 | 1292725 | 2455463 | 1251192 | 1204271 |
| 2014 | 1204271 | 1292725 | 2496996 | 1444058 | 1052938 |

अतः नगर परिषद के स्वामित्व वाली दुकानों के आबंटियों से वर्ष 2013 में ₹24,55,463 वसूल योग्य किराया था और नगर परिषद ने केवल 12,51,192 ही वसूल किए तथा वर्ष 2014 में कुल किराये राशि ₹24,96,996 में से ₹14,44,058 ही वसूल किए, जिससे यह स्पष्ट है कि नगर परिषद दुकानों के पट्टाधारियों से किराये की वसूली पट्टे में दी गई शर्तों तथा नगरपालिका अधिनियम में दी गई धाराओं के अन्तर्गत करने में विफल रहा। अतः कार्यकारी अधिकारी को सुझाव दिया जाता है कि पट्टेधारियों पर नगरपालिका अधिनियम 1994 की धारा 258(1)ख(2) के अनुसार कार्रवाई करते हुए बकाया किराये की वसूली शीघ्र करना सुनिश्चित करे तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 17. नगर परिषद द्वारा (Compound fees) की राशि ₹0.73 लाख की वसूली न करना

भवनों के Compound Cases से सम्बन्धित नस्ति की जांच करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा नियमित किए गए भवनों के मालिकों से राशि ₹105168 की वसूली नहीं की गई थी। इस सम्बन्ध में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, ठियोग को अंकेक्षण अधियाचना संख्या–4

दिनांक 9–6–15 द्वारा स्थिति से अवगत करवाया गया। अंकेक्षण के दौरान Compound Fee की राशि ₹32020/– की वसूली परिषद द्वारा की गई तथा शेष राशि जिसका विवरण निम्न प्रकार से था। अतः इस राशि की वसूली सम्बन्धित से करके शीघ्र नगर परिषद कोष में जमा की जाये। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया गया।

| क्र0 सं0 | मालिक का नाम व पत्ता | कम्पाऊड फीस की वसूली योग्य राशि | जितनी राशि की वसूली की गई | रसीद संख्या व दिनांक | बकाया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति अनिता खसरा नं0 46/12नजदीक डी0ए0वी0 स्कूल, ठियोग | 16618 | – | – | 16618 |
| 2. | श्री प्रेम सिंह वार्ड नं0–4 खसरा नं0–4 605/1 ठियोग | 27703 | – | – | 27703 |
| 3. | श्री अमित वर्मा और अन्य वार्ड नं0–7 रहीघाट, ठियोग | 31227 | 2400 | 50/56 दिनांक 29–3–14 | 28827 |
| | | **75548** | **2400** | **–** | **73148** |

## 18. पट्टा राशि ₹0.41 लाख की वसूली न करना :–

नगर परिषद ठियोग ने कई वर्ष पहले अपनी भूमि को पट्टेधारियों को पट्टे पर दिया तथा जिसकी वसूली पट्टेधारियों से पट्टे की शर्तों के अन्तर्गत की जानी अपेक्षित थी, जबकि वर्ष 2014–15 तक पट्टेधारियों से निम्न विवरणानुसार पट्टे की बकाया राशि ₹41226 वसूल की जानी शेष थी।

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | मांग | कुल | वसूली | अग्रिम वसूली | बकाया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 | 43974.00 | 47542.00 | 91516.00 | 50800.00 | 0 | 40716.00 |
| 2014–15 | 40716.00 | 47542.00 | 88258.00 | 47032.00 | 138.00 | 41226.00 |

उपरोक्त विवरणिका के अवलोकन पर पाया गया कि नगर परिषद केवल वर्ष के दौरान पट्टे राशि की मांग के लगभग वसूली कर रहा है और बकाया पट्टे की राशि की वसूली के लिए पट्टेधारियों के विरूद्ध कोई भी कारगर कार्रवाई नहीं कर रहा। अतः नगर परिषद द्वारा उपरोक्त पट्टे की बकाया राशि ₹41226/– की वसूली हेतु नियमानुसार ठोस कार्रवाई अमल में लाई जाए तथा बकाया राशि ₹41226 की वसूली शीघ्रातिशीघ्र करने के उपरान्त इसे परिषद निधि में जमा करवायें तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 19. मोबाइल कम्पनियों से टावरों की नवीनीकरण शुल्क की राशि ₹ 0.23 लाख की वसूली न करना :–

सरकार के आदेश संख्या डी0आई0टी0 (आई0टी) 2005 (मिसलिनियस) 2310 दिनांक 28–08–2006 के अर्न्तगत नगर परिषद सीमा के अन्दर मोबाइल कम्पनियों इन्सटालेषन चार्जिज ₹10,000 प्रति टावर तथा वार्षिक नवीनीकरण शुल्क ₹5000 प्रति टावर की दर से वसूली तथा 5 वर्ष के पश्चात वार्षिक नवीनीकरण शुल्क में 10% की दर से वृद्धि का प्रावधान है।

अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि नगर परिषद सीमा के अन्दर Airtel, Tata, Reliance तथा Vodafone Communication कम्पनियों द्वारा मोबाइल टावर स्थापित किये गये हैं। नियमानुसार सम्बन्धित कम्पनियों से Installation चार्जिज तथा नवीनीकरण शुल्क की वसूली की जानी थी। उक्त कुछ एक कम्पनियों में से अवधि 31–3–2015 तक 22500 की नवीनीकरण शुल्क की वसूली नहीं की गई, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| कम्पनी का नाम | अवधि जब से वसूली नही की | राशि बकाया में |
|---|---|---|
| भारती ऐयरटेल लि0 | 2014–15 (एक वर्ष) | 6250 |
| रिलायंस लि0 | 2012–13 से 2014–15 (तीन वर्ष) | 16250 |
| | **कुल वसूल योग्य राशि=** | **22500** |

अतः नगर परिषद उक्त नवीनीकरण शुल्क की राशि ₹2250 की वसूली शीघ्र सुनिश्चित करे तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 20. कर्मचारियों को आवंटित रिहायशी मकानों की लाईसैन्स फीस की वसूली सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर न करने के कारण वेतन व भतों की राशि ₹0.03 लाख का अधिक भुगतानः–

हिमाचल प्रदेश सरकार के सामान्य विभाग (General Administration Department) के कार्यालय ज्ञापन संख्या GAD-D-3(C)-14-3/07 दिनांक 2–9–2010 के द्वारा सभी वर्गों के सरकारी आवासों की लाईसैन्स फीस को संशोधित कर दोगुणा कर दिया गया तथा माह 10/10 से सभी कर्मचारियों, जिन्हें सरकारी आवास आवंटित थे के वेतन से सकरारी आवासों की लाईसैन्स फीस की वसूली संशोधित दरों पर की जानी अपेक्षित थी, जबकि नगर परिषद द्वारा जिन कर्मचारियों को परिषद आवास आवंटित थे से संशोधित दरों पर लाईसैन्स फीस की वेतन से कटौती/वसूली नहीं की थी। इस विषय पर गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा 17 में आपत्ति उठाई गई थी जिस पर परिषद द्वारा कार्यवाही करते हुए निम्न कर्मचारियों के अतिरिक्त समस्त कर्मचारियों से वसूली कर ली गई थी।

| क0 सं0 | नाम | अवधि | संशोधित दर | जिस दर से कटौती की | कम वसूली | माह | कुल राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मदन कुमार, कनिष्ट अभियंता | 10/10 से 12/11 | 228/- | 114/- | 114/- | 15 | 1710 |
| 2. | श्री भीम सेन कनिष्ठ अभियंता | 3/12 से 3/13 | 228/-. | 114/- | 114/- | 13 | 1482 |
| | | | | | | | **₹3192** |

अतः इन कर्मचारियों से लाईसैन्स फीस की वसूली न करने के बारे में स्थिति स्पष्ट करें। राशि ₹3192 की वसूली उचित माध्यम से शीघ्र करके आगामी अंकेक्षण में दिखायी जानी सुनिश्चित की जाये।

## 21. सक्ष्म अधिकारी की स्वीकृति के बिना निर्माण कार्यों में अतिरिक्त मदों का निषपादन करवाने के कारण राशि ₹ 0.94 लाख का अनियमित भुगतानः—

नगर परिषद द्वारा निम्न निर्माण कार्यों में अतिरिक्त मदों का निष्पादन किया गया। परिषद द्वारा अतिरिक्त मदों के निषपादन करवाने से पूर्व सक्ष्म अधिकारी की स्वीकृति से सम्बन्धित अभिलेख लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत नहीं किये गये, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि निर्माण कार्यों में अतिरिक्त मदों का निषपादन बिना सक्ष्म अधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये किया गया था। जिस बारे में स्थिति स्पष्ट करें। अतिरिक्त मदों की स्वीकृति अब सक्ष्म अधिकारी से प्राप्त करके आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखायी जानी सुनिश्चित की जाये।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 589/11/14 | Sh. Naresh Sharma | R/M of saryana path near manoj house theog. | 60/48 & 52 | cutting in earthwork and disposal of all excavated earth upto lead of 20mtr etc complete. | 15.96 Cem | 165 | 2633 |
| | | | 60/48&52 | Providing Form work with Steel plates 3.15 mm thick melded with angle iron 30x30x5mm to gril a fair finish i/c cetring & Shutting. | 30.50 Sq mtr. | 230 | 7015 |
| | | | 60/53 | 15mm thick cement plaster in single coat on the rough side of brick concrete stone in cm 1:6 (1cement:6sand) | 30.20 Sq mtr | 106/05 | 3203 |
| | | | | | | | 12851 |
| 584-11/14 | Sh. Naresh | R/m of path from | 60/44&47 | P/L 1:3:6 (1 cement: 2 sand: 6 | 11.61 Cem | 4300 | 49923 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | kumar. | Hem Chand house to Bhakram house & Patwari house in ward no 4 theog. | | graded stone agg 40mm. Nominal size caseing etc. encluding cost of form work in foundation and plinth. | | | |
| | | | 60/43&47 | Cutting in earth work disposal of all excavated earth up to lead of 20mtr pick and jumper work. | 16.5 cum | 200 | 3300 |
| | | | 60/43&47 | Providing form work with steel plates 3.15 mm thick. | 30.83 Sq mtr. | 250 | 7708 |
| | | | | | | Total | 60931 |
| 434-12/13 | Sh. Amit Sharma. | C/o Public urinals for male & female opp. court & SDM office, Theog Distt. Shimla | 59/31 | P/F Viterous China water closet European style w.c seet & seat cover paid seperatly. | 1 no. | 2750 | 2750 |
| | | --do-- | 59/31 | P/F EWC seat & seat cover. | 1 no. | 3000 | 3000 |
| | | | 59/32 | P/F PVC water storage tank capacity 500ltr. | 2 no. | 3000 | 6000 |
| | | | 59/32 | P/F 12mm thick kit ply commercial panneled shutters with frame at 1st class devdar wood for door i/c bright finished/black enameled. | 2.52 Sq mtr. | 3200 | 8064 |
| | | | | | | Total | 19814 |

**22.** **C/o Parking and Community Hall Near DAV School ward no-7 Theog Distt Shimla (Sh. C/o Parking in Ground and 1st floor only):-**

| ठेकेदार का नाम | अनुबंध/आवंटन सं0 | चलत बिल सं0 | वाउचर सं0 | माप पुस्तिका सं0 |
|---|---|---|---|---|
| श्री रमेश हैटा | एन0सी0टी/वर्कस 2013–17/5–4–13 | द्वितीय चलत बिल | 558 से 562 | 61 |

**(क) गलत गणना के कारण ठेकेदार को राशि ₹0.48 लाख का अधिक भुगतानः–**

(1) अनुबन्ध की कार्य मद संख्या 12/2 "Providing from work with steal plates 3.15 mm thick at column i.e Surwalls, column" की कार्यमात्रा 107.31 वर्ग भी का मापन माप पुस्तिका संख्या 61 पृष्ठ 3 पर निम्न प्रकार से था।

| | |
|---|---|
| 1x1x14.20x1.00= | 14.20mtr. |
| 1x1x9.90x$\frac{1.00+0.30}{2}$= | 6.44mtr. |
| **Column** | |
| A4,A5=5x4x0.30x2.40= | 14.40 |
| D4,B5,C5=8x4x0.45x2.40= | 34.60Sq mtr. |
| C1,C2,C3=10x2x22/7x0.25x2.40= | 37.71Sq mtr. |
| **Total** | 107.31Sq mtr. |

जबकि इस कार्य मात्रा की प्रविष्टि Column की संख्या अनुसार निम्न प्रकार से की जानी अपेक्षित थी।

| | |
|---|---|
| 1x1x14.20x1.00= | 14.20Sq mtr. |
| 1x1x9.90x$\frac{1.00+0.30}{2}$= | 6.44Sq mtr. |
| A4,A5=2x4x0.30x2.40= | 5.76Sq mtr. |
| D4,B5,C5=3x4x0.45x2.40= | 12.96Sq mtr. |
| C1,C2,C3=3x2 $\frac{22}{7}$x0.25x2.40= | 22.63Sq mtr. |
| **Total** | 61.99Sq mtr. |

इस प्रकार संविदाकार को राशि ₹8157.60 का निम्न विवरणानुसार अधिक भुगतान किया गया।

| | |
|---|---|
| **माप पुस्तिका सं0 61 पृष्ठ 3 में मद में कार्य प्रमात्रा =** | 107.31Sq mtr. |
| **जबकि Coloumn के अनुसार जितनी कार्य प्रमात्रा =** | 61.99 Sq mtr. |
| **अतः अधिक भुगतान =** | 42.32 Sq mtrX ₹180 Per Sq mtr.=8157.60 |

(2) अनुबन्ध की मद सं0 13/5 "P/L C:C 1:1½:3 (1 Cement: 1½Sand: 3 Graded Stone aggregate 20mm normal size) and crossing complete including cost of form work in walls. column, pillars, posts etc" के लिए कार्य मात्र 22–12 घन मी0 का मापन पुस्तिका सं0 61 पृष्ठ 3 निम्न प्रकार से था।

| **Walls** | |
|---|---|
| $1x1x14.20x\frac{0.60+0.40}{2}x1.20=$ | 7.1 Cum |
| $1x1x9.90x\frac{0.60+0.30}{2}x1.20=$ | 5-35 Cum |
| A4, A5= 5x1x0.30x0.30x2.40= | 1.08 Cum |
| D4, B5, C5=8x1x.45x0.45x2.40= | 3.88 Cum |
| C1,C2, C3 $10x1\ \frac{22}{7}x(0.25)^2x2.40=$ | 4.71 Cum |
| **कुल मात्रा=** | 22.12 Cum |

जबकि उक्त कार्य मात्रा की रिकार्ड प्रविष्टियां (Columns) की संख्या अनुसार निम्नलिखित की जानी अपेक्षित थी।

| **Walls** | |
|---|---|
| $1x1x14.20x\frac{0.60+0.40}{2}x1.20=$ | 7.1 Cum |
